

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
''स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत''
श्रीराजेन्द्र मुनि कन्या जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर (राज.)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर (राज.)

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर
रेड रिबन क्लब
विश्व एड्स दिवस : 01 दिसम्बर

नगर परिषद् जालोर

माँ - बहन और पत्नी चाहिए तो फिर बेटी क्यों नहीं ?
जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर द्वारा आयोजित

माँ - बहन और पत्नी चाहिए तो फिर बेटी क्यों नहीं ?
जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर द्वारा आयोजित
बेटी बचाओं हस्ताक्षर अभियान

वाद - विवाद प्रतियोगिता
विषय :- सदन की राय में लोकतंत्र में एक
मत का महत्व

अधिकारों से अधिक अपने कर्तव्यों का ध्यान रखें।
NO MASK
NO ENTRY
हॉल

NDRF - INDIA
VADODARA, GUJARAT



दैनिक भास्कर (जालोर) दि॰ 2·12·2020

विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दी आवश्यक जानकारी

वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में सचिव ने बच्चों द्वारा बनाई पेंटिंग का किया अवलोकन

भास्कर न्यूज | जालोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्मदा कॉलोनी स्थित वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेन्द्रसिंह ने बताया कि दुनियाभर में हर साल एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 1 दिसंबर को एड्स दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का

मुख्य उद्देश्य एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढाना है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लडने में अक्षम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारीगण को कहा कि एचआईवी से ग्रसित बच्चों के प्रति आत्मीयता रखें और उनके साथ मधुर व्यवहार रखे। सप्ताह के तहत उपस्थित बच्चों को जानकारी देकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया। इस दौरान बालकों द्वारा संविधान दिवस सप्ताह के दौरान बनाई गई पेंटिंग को देखकर सचिव ने खूब प्रशंसा की एवं बच्चों का हौसला बढाया। इधर, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं को ऑनलाइन एड्स से संबंधित जानकारी दी गई।

जालोर. बच्चों को जानकारी देते सचिव।

इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य अनुराधा सक्सैना ने एड्स के कारण, लक्षण एवं रोकथाम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं से ऑनलाइन चर्चा करते हुए एड्स के बारे में भ्रांतियों जैसे खांसी, भोजन, स्पर्श से एड्स होना गलत बताया। इन आधारों पर एड्स रोगी के साथ में भेदभाव किया जाना अमानवीय है। वरिष्ठ व्याख्याता मोहम्मद इरफान ने भी एड्स के बारे में इतिहासपरक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य सहित कॉलेज कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्षय अधिकारी ने दिए चिकित्सा परामर्श

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में एचआईवी व एड्स के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी ने एचआईवी एवं एड्स मे अंतर, टीबी रोग एवं कोरोना संक्रमण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण टीबी एवं अन्य अवसरवादी संक्रमण होने की संभावना अधिक होती है। इन संक्रमण से बचाव के लिए नियमित एआरटी का सेवन, स्वच्छ एवं पोष्टिक आहार एवं नियमित योग एव व्यायाम अनिवार्य है। जिला पीपीएम समन्वयक इमरान वेग ने एचआईवी के बारे में जानकारी देते हुए एचआईवी संक्रमण फैलने का कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे मे जानकारी दी। केयर होम अधीक्षक खींव सिंह राजपुरोहित द्वारा कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आवासियों द्वारा एचआईवी के प्रति अपने ज्ञान को चित्र एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार, रिंकु गहलोत, पारस गेहलोत, उषा कवंर, मोवनी देवी एवं केयर होम के कर्मचारी मौजुद थे।

बंदियों के साथ भी मनाया एड्स दिवस

राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी एवम साथी संस्थान द्वारा संचालित सुभिक्षा प्रोजेक्ट जेल एचआईवी इंटरवेंशन प्रोग्राम के तहत जिला कारागृह पर विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस दौरान बंदियों के साथ एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बंदियों एचआईवी के बारे में जानकारी, बचाव व उपचार के बारे में बताया गया और प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में मैलनर्स इरफान खान ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कोरोना बचाव व उपचार के बारे मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जेलर अब्दुल सईद अंसारी, भीखाराम, हैड कांस्टेबल मनीष मीणा, जेल प्रहरी दिनेश बिश्नोई, हेमचंद डूडी, छोटूराम समेत जेल व आरएसी स्टॉफ मौजूद रहा।

पत्रिका डिजिटल कनेक्ट
खबरों में लगे इन आइकन्स से जुड़िए patrika.com पर

एड्स दिवस पर हुई विभिन्न गतिविधियां, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जालोर. विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर स्थित वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में जागरूकता कार्यक्रम जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान डॉ. कुमार ने एचआईवी व एड्स में अंतर, टीबी रोग एवं कोरोना संक्रमण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से टीबी व अन्य अवसरवादी संक्रमण की संभावना अधिक होती है। जिससे बचाव के लिए नियमित एआरटी सेवन, स्वच्छ एवं पौष्टिक आहार सहित नियमित योग-व्यायाम अनिवार्य है। जिला पीपीएम समन्वयक इमरान बेग ने एचआईवी संक्रमण फैलने का कारण, लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए सरकारी एडवाइजरी की पालना करने को कहा। आईसीटीसी काउंसलर कमलेंद्रसिंह मण्डलावत ने संभावित एचआईवी व्यक्ति की पहचान, एचआईवी जांच प्रक्रिया व एंटी रेट्रो वायरल थैरेपी की जानकारी दी। केयर होम अधीक्षक खींवसिंह राजपुरोहित ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें आवासियों ने एचआईवी के प्रति अपने ज्ञान को चित्र एव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से प्रस्तुत किया। इस मौके अशोककुमार, रिंकू गहलोत, पारस गहलोत, ऊषा कंवर, मोवनी देवी व केयर होम कर्मचारी मौजूद थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर हुआ। नर्मदा कॉलोनी स्थित वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में विश्व एड्स दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्राधिकरण सचिव नरेन्द्रसिंह ने एचआईवी संक्रमण की जानकारी दी। सन्निधान दिवस सप्ताह के तहत भी बच्चों व स्टाफ को जानकारी देकर प्रस्तावना का वाचन करवाया। बालकों द्वारा बनाई पेंटिंग को देखकर सचिव ने खूब तारीफ कर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

जालोर. विश्व एड्स दिवस पर वात्सल्य चाईल्ड केयर होम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते अधिकारी।

जालोर. जिला कारागृह में एड्स दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बंदियों को जानकारी देते अधिकारी।

जिला कारागृह में हुई प्रश्नोत्तरी

जिला कारागृह में राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी व साथी संस्थान की ओर से संचालित सुभिक्षा प्रोजेक्ट के तहत एड्स दिवस पर बंदियों के साथ एड्स जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमे बंदियों को एचआईवी की जानकारी, बचाव व उपचार के बारे में बताया तथा प्रश्नोत्तरी हुआ। वहीं मेल नर्स इरफान खान ने कोरोना बचाव व उपचार की जानकारी दी। इस मौके जेलर अब्दुल सईद अंसारी, भीखाराम, हेड कांस्टेबल मनीष मीणा, जेल प्रहरी दिनेश बिशनोई, हेमचंद डूडी, छोटूराम, ग्यारसी, अग्रेंद्र, जेल और आरएसी स्टाफ मौजूद था।

छात्राओं को दी ऑनलाइन जानकारी

राजकीय महिला महाविद्यालय में एड्स दिवस पर छात्राओं को एड्स से संबंधित ऑनलाइन जानकारी दी गई। कार्यवाहक प्राचार्य अनुराधा सक्सेना ने एड्स के कारण, लक्षण व रोकथाम पर जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से ऑनलाइन चर्चा करते हुए एड्स के बारे में भ्रान्तियों जैसे खांसी, भोजन, स्पर्श से एड्स होना गलत बताया। एड्स रोगी के साथ में भेदभाव करना अमानवीय है। वरिष्ठ व्याख्याता मोहम्मद इरफान ने एड्स की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्य सहित कॉलेज कर्मचारी मौजूद रहे।

राजस्थान पत्रिका (जालोर)
दि० - 04.05.2019 पृ. 14

बाल विवाह के प्रति किया जागरूक

जालोर. शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर लेटा गांव में महाविद्यालय की छात्राओं, सह आचार्य मोहम्मद इरफान व डॉ. पीपाराम ने ग्रामीणों को अधिनियम की जानकारी देकर बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई। वहीं आगामी अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा पर सम्भावित बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणाम भी बताए। इस अवसर पर पूर्व छात्रा पूजाकुमारी व मधु सहित ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 03.04.2019

प्रेस समाचार

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आज बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत गांव लेटा में महाविद्यालय के सह आचार्य श्री मोहम्मद इरफान एवं डॉ. पीपाराम ने ग्रामवासियों को बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई तथा आगामी अक्षय तृतीय एवं पीपल पूर्णिमा के पर्व पर सम्भावित बाल विवाह को रोकने हेतु ग्रामवासियों को जागरूक किया। इन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर ग्रामवासी, पूर्व छात्रा सुश्री पूजा एवं मधु भी उपस्थित रहीं।

प्राचार्य

महाविद्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 13.04.2022

प्रेस समाचार

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में आज दिनांक 13.04.2022 को राजस्थान सरकार की जन घोषणा कियान्विति एवं निरोगी राजस्थान अभियान के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त राजस्थान –100 दिवसीय कार्य योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में डॉ. नैनमल परमार, कैंसर विशेषज्ञ ने नशा से होने वाली बिमारियों एवं महिलाओं में कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, स्तन कैंसर, बाझपन, ब्रेन कैंसर, ब्लड कैंसर, मुख कैंसर आदि के बारे में सविस्तार जानकारी दी साथ ही तम्बाकू उत्पादों के सेवन नहीं करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।

श्री अभिमन्यू सिंह जिला नशा मुक्ति कार्यक्रम अधिकारी ने तम्बाकू धुआ रहित एवं धुआ सहित उत्पादों के बारे में एवं महिलाओं में धुमपान की लत बढने, युवाओं में बढते हुए तम्बाकू उत्पादों के सेवन, तम्बाकू उत्पादों से संबंधित कानूनों आदि का सविस्तार व्याख्या की। डॉ. पीपाराम ने बताया नशा नाश की जड़ है। कार्यवाहक प्राचार्य श्री मोहम्मद इरफान ने तम्बाकू सेवन से होने वाली सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान आदि के बारे में बताया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पीपाराम ने किया।

इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, श्री दिनेश कुमार, श्री धर्मेन्द्र सुन्देशा, श्री जितेश सुथार, श्री जितेन्द्र कुमार डांगी, सुश्री कविता, श्री मुकेश कुमार, श्री रतन लाल आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य

शहीद दिवस • जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को याद किया, रक्तदान किया

जिले में अहिंसा यात्रा एवं मौन कार्यक्रम हुए, शहीदों के विचारों को आमजन तक पहुंचाया

भास्कर न्यूज | जालोर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं स्वतंत्रता दिवस की 75वीं ...ठ से संबंधित कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को शहीद दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को याद करते हुए अहिंसा यात्रा एवं मौन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित शहीद स्मारक से भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की तस्वीरों पर कलेक्टर हिमांशु गुप्ता सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ की गई। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं मौन प्रार्थना के बाद अहिंसा रैली को राजकीय विद्यालय की छात्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी, स्काउट, पुलिस के जवान, एनएसएस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तख्तियों, बैनर, प्लेकार्ड के ...ध्यम से शहीदों के विचारों को आमजन तक पहुंचाया। शहीद ...ारक पर शहीदों की तस्वीरों को माल्यार्पण पश्चात मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। यह रैली रेलवे स्टेशन पर स्थित शहीद स्मारक से आहोर चौराहा, पुलिस लाइन होकर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गांधीजी की मूर्ति तक पहुंची। गौरतलब है कि दांडी मार्च 12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023 तक आयोजित होने वाले आयोजनों की कड़ी में साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय वासु, जालोर उपखंड अधिकारी चंपालाल जीनगर, ब्लॉक आयोजन समिति के संयोजक नैनसिंह राजपुरोहित, पार्षद मिश्रीमल गहलोत, तहसीलदार मादाराम मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक अशोक विश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल मेघवाल, थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह,

जालोर. रैली को बालिका हरी झंडी दिखाकर रवाना करती।

भीनमाल. शहीद दिवस को लेकर भीनमाल में कार्यक्रम का आयोजन।

एनएसएस प्रभारी डॉ. बगताराम चौधरी, एनसीसी अधिकारी अम्बिका प्रसाद तिवारी, सीओ स्काउट एम. आर. वर्मा, नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक किशनलाल जाट, प्रधानाचार्य शांतिलाल दवे समेत मौजूद रहे। इसी प्रकार मंगलवार को एनएसयूआई द्वारा महाविद्यालय में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक थांवला के नेतृत्व में शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। इस दौरान गजेन्द्र सिंह, प्रवीन लुकड़, ममता मेघवाल, संतोष चौधरी, श्रवण गर्ग मौजूद रहे।

आहोर | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महात्मा गांधी जयंती की 150वीं वर्षगांठ एवं आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांकेतिक दांडी मार्च का आयोजन किया गया। ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी मनोहरसिंह मेहरू व प्रधानाचार्य जालम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दांडी मार्च को रवाना किया। प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान एनसीसी प्रभारी चंद्रप्रकाश राजपुरोहित ने उन्हें गांधी के जीवन परिचय एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। दांडी मार्च पंचायत समिति से रवाना होकर उपखंड कार्यालय पहुंचा, जहां उपखंड अधिकारी मांगीराम जांगिड़ ने गांधी के व्यक्तित्व से परिचय करवाते हुए उन्हें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख दी। इस अवसर पर नारायणसिंह, नरेंद्र सिंह महेचा, नैनाराम चौधरी, सुमेरसिंह, मालाराम चौधरी, हुकमाराम, प्रफुल्ल कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे। इसी प्रकार कस्बे के खारा मार्ग पर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हनुमानशाला में उपखंड अधिकारी मांगीराम की मौजूदगी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शहीद दिवस के रूप में आयोजित कर प्रधानाचार्य मदनसिंह बालोत द्वारा भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेवसिंह की पुण्यतिथि पर इनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मौन सभा आयोजित की। इस दौरान कोविड प्रभारी रमेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को कोरोना से बचाव व सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह कस्बे के निजी बस स्टैंड पर स्थित विवेकानंद स्मारक सर्किल पर रनर ग्रुप आहोर द्वारा भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार देर शाम को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सांचौर. शहीद दिवस पर रक्तदान करते हुए।

सांचौर में शहीद दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

सांचौर | शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए क्षेत्र के युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान कार्यक्रम को लेकर द लाइफ सेवर फाउंडेशन के द्वारा संवेदना पहल के तहत बीलाल ब्लड बैंक में किया गया। इस अवसर पर परिवार सहित रक्तदान करने वाले प्रधानाध्यापक लादूराम भादू ने बताया कि रक्त एक अमूल्य निधि है। जिसके द्वारा किसी व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। रवि विश्नोई व राकेश गुरु ने बताया कि इस विशेष अवसर पर 15 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक निदेशक डॉ. बाबूलाल, ओमप्रकाश बेनीवाल ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

भीनमाल | महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयंती वर्ष शहीद दिवस पर अहिंसा यात्रा और मौन व्रत का कार्यक्रम आयोजित किया। शहीद दिवस को लेकर स्थानीय माघ चौक पर मौन रख शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तहसीलदार रामसिंह ने कहा मां भारती के इन महान सपूतों का बलिदान देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। अहिंसा यात्रा उपखंड कार्यालय से शुरू होकर खारी रोड, पिपली चौक, सदर बाजार होते हुए माघ चौक पर विसर्जित हुई। वहां युवा वक्ताओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत की प्रस्तुतिदी । इस अवसर पर नायब तहसीलदार लालाराम मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमराज बोहरा, मीठालाल जांगिड़, तलकाराम रंगी, जोरावरसिंह राव, पारस घांची, भावेश परमार, दिनेश बंजारा, विक्रम चौधरी, जगदीश जाट, विकाश बंजारा, किशोर सांखला, सरोज बाफना, सुरेश बिरनोई, प्रवीण कुमार खत्री आदि मौजूद रहे।